केन्द्रीय विद्यालय संगठन
केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मु.)/KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (H.Q.)
(Min. of EDU, Deptt. of Education, Govt. of India)
18-संस्थागत क्षेत्र/18-Institutional Area
शहीद जीत सिंह मार्ग /ShaheedJeet Singh Marg
नई दिल्ली–110016 /NEW DELHI – 110016
Tel: 26858566-211, Fax No.26514179
WWW.KVSANGATHAN.NIC.IN

फा.न.11शैक्षिक0338T (1)/2/2020 शैक्षणिक/सेकाप्रशि/ दिनांक: 12.10.2020

उपायुक्त / निदेशक
केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
सभी क्षेत्रीय कार्यालय / ZIETs

विषय: PGT/TGT (TGT WE/Art/Libl& PRT Music को छोड़कर) के लिए सेवा कालीन प्रशिक्षण शिविर (ISC) -2020 के दूसरे सत्र के आयोजन के सन्दर्भ में |

महोदया/महोदय,

प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय विद्यालय संगठन अपने शिक्षकों हेतु सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन दो सत्रों में करता है, 11/12 दिनों के प्रथम सत्र का आयोजन ग्रीष्म-कालीन अवकाश के दौरान एवं 10 दिनों के द्वितीय सत्र के सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन शीतकालीन अवकाशों के दौरान प्रत्यक्ष रूप से (Face to Face) से सम्पन्न किये जाते हैं | इस वर्ष सत्र 2020-21 में सेवा कालीन प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन मई/जून में प्रत्यक्ष रूप से (Face to Face) प्रस्तावित थे, किन्तु कोविड -19 महामारी के प्रसार के कारण सेवा कालीन प्रशिक्षण शिवरों के प्रथम सत्र के आयोजन प्रत्यक्ष रूप से (Face to Face) नहीं किए जा सके | इन परिस्थितियों में 05 आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों एवं आईआईटी गांधीनगर में सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शिविरों के प्रथम सत्रों का आयोजन आन लाइन माध्यम से किया गया। कोरोना महामारी की वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शिविरों के द्वितीय सत्रों का आयोजन भी आन लाइन माध्यम से ही सम्पन्न किए जाएँगे |

सक्षम प्राधिकारी द्वारा नीचे दिए गए कार्यक्रमानुसार अक्टूबर से दिसंबर 2020 के बीच ऑनलाइन माध्यम में सेवा कालीन प्रशिक्षण शिविरों (ISC-2020) के दूसरे सत्र के संचालन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है |

क्र सं	स्थान	पाठयक्रम का नाम	दिनांक (प्रथम सत्र के लिए)	द्वितीय सत्र के लिए प्रस्तावित तिथियाँ	प्रथम सत्र में प्रतिभागियों की संख्या
1	आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,चंडीगढ़	पीजीटी(बायो/बायोटेक)	03.06.2020 to 14.06.2020	02-11-2020 to 11-11-2020	14
2		पीजीटी(अँग्रेजी)	20.07.2020 to 31.07.2020	02-11-2020 to11-11-2020	50
3		पीजीटी (कामर्स)	20.07.2020 to 31.07.2020	02-11-2020 to 11-11-2020	49
4		पीजीटी (हिन्दी)	20.08.2020 to 31.08.2020	18-11-2020 to 27-11-2020	47
5		पीजीटी (भूगोल)	20.08.2020 to 31.08.2020	18-11-2020 to 27-11-2020	34
6		टीजीटी (संस्कृत)	08.10.2020 to 19.10.2020	05-12-2020 to 14-12-2020	48
7	आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,भुवनेश्वर	पीजीटी (गणित)	20.07.2020 to 31.07.2020	02-11-2020 to11-11-2020	45
8	आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मुम्बई	टीजीटी (अँग्रेजी)	06.06.2020 to 17.06.2020	05-12-2020 to14-12-2020	23
9		पीजीटी (अर्थशास्त्र)	20.07.2020 to 31.07.2020	18-11-2020 to27-11-2020	50
10		पीजीटी (भौतिक)	20.07.2020 to 31.07.2020	01-12-2020 to10-12-2020	47
11	आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण स्थान,ग्वालियर	टीजीटी (सा.ज्ञान)	20.07.2020 to 04.08.2020	02-11-2020 to11-11-2020	49
12		मुख्य अध्यापक	05.08.2020 to 16.08.2020	18-11-2020 to27-11-2020	50
13	आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर	पीजीटी (इतिहास)	27.07.2020 to 07.08.2020	02-11-2020 to11-11-2020	33
14	आईआईटी गांधीनगर	टीजीटी (गणित)	26.05.2020 to 06.06.2020	02-11-2020 to11-11-2020	36
15		टीजीटी (विज्ञान)	29.06.2020 to 10.07.2020	18-11-2020 to27-11-2020	100
16		पीजीटी (कम्प्यूटर विज्ञान) .	06.07.2020 to 17.07.2020	01-12-2020 to 10-12-2020	87
17		पीजीटी (रसायन)	13.07.2020 to 24.07.2020	14-12-2020 to23-12-2020	121
18	के वी छावला	टीजीटी(हिन्दी)	20.08.2020 to 31.08.2020	18-11-2020 to27-11-2020	41
19	सभी क्षेत्रीय कार्यालय	प्राथमिक शिक्षक	जुलाई और अगस्त 2020	प्रस्तावित योजना के अनुसार अक्टूबर से दिसंबर के लिए	1279

द्वितीय सत्र के ऑनलाइन सेवा कालीन प्रशिक्षण शिविर -2020 में प्रतिदिन 04 घंटे के आन लाईन प्रशिक्षण सत्र एवं एक घंटे का आफ लाईन सत्र असाइनमेंट/परियोजनाओं के लिए आयोजित किये जायेंगे। प्रशिक्षण के 4 घंटों में से कुछ समयांश परिचर्चा और समन्वयन के लिए निर्धारित किए जा सकते हैं। सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के आयोजन लाइफ साइज / गूगल मीट आदि पर किए जाएँगे।

सभी संभागों के उपायुक्तों से यह निवेदन किया जाता है कि अपने अधीनस्थ विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित करें, कि वे प्रतिभागी शिक्षकों को सूचित करें एवं यह सुनिश्चित करें कि प्रतिभागी शिक्षक ऑनलाइन सेवा प्रशिक्षण शिविर (द्वितीय सत्र) में प्रतिभाग करें।

सेवा कालीन प्रशिक्षण शिविर -2020 (द्वितीय सत्र) के प्रशिक्षण सत्र प्रात; 11:00 बज़े से प्रारम्भ होंगे | तदनुसार शिक्षक विद्यालयों में अपनी आन लाइन कक्षाएं लेंगे।

सभी निदेशक आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से अनुरोध है कि संबंधित आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एक सहायक आयुक्त (फीडर क्षेत्रों में से किसी एक के क्षेत्रीय कार्यालय से) पाठ्यक्रम निदेशक के रूप में प्रतिनियुक्त करें।

ऑफ़लाइन माध्यम के रूप में व्यय के समान मानदड ऑनलाइन पाठ्यक्रम के लिए भी लागू होते हैं, विशेष रूप से अतिथि वक्ताओं, सेवा पाठ्यक्रम निदेशकों, एसोसिएट कोर्स निदेशकों, संसाधन व्यक्तियों आदि को मानदेय के भुगतान के बारे में।

भवदीय

ई. प्रभाकर

(डॉ० ई. प्रभाकर)
संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण)